प्रेस विज्ञप्ति

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)

अपने कार्यों का निष्पादन, कड़ी मेहनत एवं ईमानदारी से किया जाये–डा. मनमोहन सिंह चौहान

पंतनगर। 30 अगस्त 2022। विश्वविद्यालय के नव नियुक्त कुलपति, डा. मनमोहन सिंह चौहान ने आज गांधी हाल में विश्वविद्यालय के अधिष्ठाता, निदेशक, अधिकारी, संकाय सदस्यगण, कर्मचारियों एवं श्रमिकों को अपने संबोधन में किये जाने वाले विश्वविद्यालय में किये जाने वाले बदलावों की ओर संकेत करते हुए उन्होंने कई तथ्यपरक बातें कहीं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय के समस्त कार्यों का निष्पादन बिना किसी भेद–भाव के ईमानदारी से किया जाना चाहिए तथा साथ ही साथ कार्यालय समय का भी विशेष ध्यान रखा जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि अपने पटल के समस्त कार्यों का निष्पादन निश्चित अवधि में किया जाय। उन्होंने वैज्ञानिकों से आहवान किया कि अपने नए शोध कार्यों एवं तकनीकों को किसानों तक पहुंचाने तथा उनकी समस्याओं का निवारण समय से करने के लिए सदैव तत्पर रहना चाहिए। इसके साथ–साथ विश्वविद्यालय में उत्पन्न समस्याओं जोकि मेरे संज्ञान में है उनका शीघ्र ही निस्तारण किये जाने का प्रयास किया जाएगा।

इस अवसर पर अधिष्ठाता, स्नातकोत्तर, डा. के.पी. रावेरकर एवं कुलसचिव, डा. ए.के. शुक्ला ने सभी का स्वागत किया।

विश्वविद्यालय के गांधी हाल में सभी संकाय सदस्यों, अधिकारियों व कर्मचारियों को संबोधित करते कुलपति डा. मनमोहन सिंह चौहान।